

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें
https://dainikyashonnati.com

वर्ष 8+15 अंक 03 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शनिवार 22 अप्रैल 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....
पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
ÂDI-4 मंडला समाचार .....


## भगवान श्री परशुराम प्रकटोत्सव पर की विशाल शोभायात्रा आज




### दंडी स्वामी प्रज्ञानानंद सरस्वती जी महाराज की पावन उपस्थिती में संपन्न होंगे कार्यक्रम

सिवनी यशोः- जिला ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में, भृगुकुल नंदन भगवान श्री परशुराम जी का प्राकट्य उत्सव समारोह पूर्वक, 22 अप्रैल दिन शनिवार को आयोजित है ब्रह्मलीन जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराजश्री के कृपा पात्र शिष्य पूज्य आचार्य महामंडलेश्वर दंडी स्वामी श्री प्रज्ञानानंद सरस्वती जी महाराज के पावन सानिध्य में मु य अतिथि- संस्कृत आचार्य पं.श्री जानकी वल्लभ मिश्र, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष- राजेश त्रिवेदी,जिले के धर्मज्ञ यातिलब्ध सर्जन *डॉ टर एम. एन. त्रिवेदी (नर्मदा नर्सिंग होम) के विशिष्ट आतिथ्य में, एवं आमंत्रित विशेष अतिथि गणों, विद्वदजनो की वरद उपस्थिति में आयोजित इस दिव्य आयोजन में, भगवान श्री परशुराम का पूजन अर्चन वंदन सुबह 7:00 से 9:00 तक परशुराम भवन में चलेगा ! प्रातः 11:00 बजे विशाल शोभायात्रा मठ मंदिर सिवनी से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख जुलूस मार्ग से, श्रद्धालु जनों को दर्शनलाभ, शुभ आशीर्वाद प्रदान करते हुए नंदीनकेश्वर धाम, बरघाट रोड सिनी में प्रतिष्ठित- भगवान श्री परशुराम एवं श्री माता त्रिपुर सुंदरी सिद्ध मंदिर, परशुराम भवन प्रांगण पहुंचकर *वशाल धर्मसभा में परिवर्तित होगी ! धर्मसभा में पूज्य आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी श्री प्रज्ञानानंद सरस्वती जी महाराज के मुखारविंद से प्रेरक प्रवचन श्रवण का पुण्य लाभ प्राप्त होगा ! साथ ही अतिथि विद्वान जनों का उद्बोधन होगा । धर्म सभा पंडाल में जिले के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं जिन्होंने वर्ष 2022-23 के सत्र में 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किया है तथा विभिन्न विधाओं में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त कर, समाज एवं जिले को गौरवान्वित किया है ! उन्हें स मानित किया जावेगा ! ऐसे सभी बालक बालिकाओं के माता-पिता पालकों से ब्राह्मण समाज ने आग्रह किया है कि नगर एवं सभी ब्राह्मण संगठन विकास खंडों के ब्लॉक अध्यक्षों से अभिलंब संपर्क कर, प्रतिभावान बालक बालिकाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करावे ! आयोजन समिति के सदस्यों के संपर्क नंबर तथा विस्तृत कार्यक्रम की जानकारीबहु प्रचारित आमंत्रण पत्र में अंकित है ! शोभायात्रा में विभिन्न झांकियों मे शामिल होने के इच्छुक- सामाजिक जन , कृपयाआयोजन समिति प्रभारी गणों से संपर्क कर सूचना प्राप्त कर सकते हैं ! कार्यक्रम के समापन अवसर पर सामूहिक आरती होगी ,पश्चात *महाप्रसाद भोजन प्रसादी का वितरण होगा। भगवान श्री परशुराम जी की शोभायात्रा में ब्राह्मणोचित वेशभूषा भारतीय परिधान धारण कर ,अपने-अपने चार पहिया तथा दो पहिया वाहनों में सपरिवार वरद उपस्थिति प्रदान करेंगे !

## ईद का चांद आया नजर, आज मनायी जायेगी ईद




सिवनी यशोः- शुक्रवार 21 अप्रैल की शाम माह शब्बाल (ईद का चांद) नजर आने के पश्चात मस्जिदों में 22 अप्रैल को ईदुल्लफितर की नमाज अदा करने के लिए समय का ऐलान किया गया, वहीं ईद का चांद नजर आने के बाद से ही लोगों के द्वारा एक दूसरे को गले मिल ईद की मुबारकबाद पेश की जाने लगी।

शहरे काजी मोलाना अनीस अंसारी ने बताया कि बड़ी ज्यारत स्थित ईदगाह में सुबह 8.15 बजे ईदुल्लफितर की नमाज अदा की जायेगी वहीं सभी लोगों से समय पर पहुंचने की गुजारिश भी की गई है। नगर के बुधवारी बाजार स्थित ईदगाह मस्जिद में ईदुल्लफितर पर दो जमात होगी, मस्जिद के सदर मो. असलम खान पत्ते वाले ने बताया कि पहली जमात सुबह 9 बजे एवं दूसरी जमात सुबह 9.30 बजे होगी। जिला मु यालय के बस स्टेंड स्थित मस्जिद नूर अंबिया में सुबह 8.45 बजे एवं गांधी वार्ड स्थित मस्जिद फैजाने रजा में सुबह 8.30 बजे ईद की नमाज अदा की जायेगी,

इसके अलावा मस्जिदे गौसिया एकता कालोनी, मस्जिद फैजगंज पिंजारी मोहल्ला, मस्जिद सूफिया सूफी नगर सहित अनेक मस्जिदों में भी ईदुल्लफितर की नमाज पढ़ी जायेगी।

## विकासखण्ड स्तरीय सांसद कबड्डी खेल प्रतियोगिता संपन्न

सिवनी यशोः- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महत्वाकांक्षी प्रोजे ट खेलो इंडिया अंतर्गत सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन के मंशानुरूप ब्लॉक स्तरीय सांसद कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन बालिका एवं बालक वर्ग के लिए किया जा रहा है। आयोजन अंतर्गत 18 अप्रैल को छपारा एवं बरघाट में ब्लाक स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विजेता एवं उपविजेता टीम एवं खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र, मेडल, ट्राफी एवं नगद राशि से पुरस्कृत किया गया। ब्लाक स्तरीय विजेता टीमें मुलना स्टेडियम बालाघाट में आयोजित होने वाली लोकसभा स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होगी।

यह जानकारी सांसद के निज सचिव सतीश ठाकरे ने देते हुए बताया है कि गत 18 अप्रैल को विकासखण्ड छपारा एवं बरघाट मु यालय में ब्लाक स्तरीय सांसद कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विकास खण्ड बरघाट अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों की बालक एवं बालिका वर्ग की टीमों ने हिस्सा लिया। बालक वर्ग में ग्राम धोबीसर्रा तथा बालिका वर्ग में ग्राम सिलघाट की टीम विजेता एवं बालक वर्ग में ग्राम विजयपानी व बालिका वर्ग में शासकीय कन्या शाला बरघाट की टीम उपविजेता रही। इसी तरह छपारा विकासखण्ड में बालक वर्ग में ग्राम झिर्री की टीम विजेता एवं धुनई की टीम उपविजेता रही। विजेता एवं उपविजेता टीम को बालक एवं बालिका वर्ग में पृथक पृथक मेडल, प्रमाण पत्र, ट्राफी एवं नगद राशि से पुरस्कृत किया गया । प्रतिभागी सभी टीमों के खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। इसी क्रम में 21 अप्रैल को फुटबाल स्टेडियम सिवनी




एवं खेल परिसर कुरई में ब्लाक स्तरीय सांसद कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी।

श्री ठाकरे ने बताया कि बरघाट मु यालय में आयोजित ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता की विजेता एवं उपविजेता बालक एवं बालिका टीमों को सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन द्वारा पुरस्कृत किया गया, इस अवसर पर महादेव तेकाम, श्याम सिंह कुमरे आईएएस, मंडल अध्यक्ष विवेक बिसेन, शासकीय महाविद्यालय बरघाट जनभागिदारी समिति अध्यक्ष देवेन्द्र राहंगडाले, जितेंद्र राहंगडाले, विजय राहंगडाले, मनोज उइके, राम पटले, अंशुल पवार, सत्यांश भट्ट, अनिल पाठक एवं गणमान्य नागरिक तथा खेल संगठनों के पदाधिकारी एवं खिलाड़ी उपस्थित थे।

## 25 अप्रैल को मनाया जावेगा नगर गौरव दिवस

सिवनी यशोः-आदि शंकराचार्य को भगवान शंकरा का अवतार माना जाता है उनका जन्म दक्षिण भारत के केरल में अवस्थित नि बूदरीपाद ब्राह्मणों के %कालडी़ ग्राम% में 788 ई. में हुआ था। उन्होंने अपने जीवन का अधिकांश समय उत्तर भारत में व्यतीत किया। आदि शंकराचार्य ने अपने सद्गुरू से शास्त्रों का गूढ ज्ञान प्राप्त करने के साथ ब्रह्मत्व भी प्राप्त किया जीवन के व्यवहारिक और आध्यात्मिक पक्ष की सत्यता को जानने वे हमेशा यत्न करते थे काशी में भी रहकर उन्होंने इसी प्रकार के अनुभव प्राप्त किये । गृहस्थ जीवन में मनुष्य के समक्ष` या कठिनाईयाँ होती है` या अनुभव होते है इसे जानने के लिये आदि शंकराचार्य ने मंडन मिश्र के साथ हुये शास्त्रार्थ के दौरान परकाया प्रवेश द्वारा उस यथार्थ अनुभव को प्राप्त किया जो सन्यासी के लिये वर्जित होती है आदि शंकराचार्य सत्य को जानने के लिये वर्जनाओं को तोड़ने से परहेज नहीं करते थे। किवदंति है कि आदि शंकराचार्य को परकाया प्रवेश के पश्चात सिवनी के मठ तलाब में स्नान किया था और उसी समय से इस तालाब में स्नान से चर्म व्याधि दूर होने की बात कही जाती है ।

उनके द्वारा स्थापित 'अद्वैत वेदांत स प्रदाय' 9वीं शताब्दी में बहुत अधिक लोकप्रिय हुआ। आदि शंकराचार्य ने प्राचीन उपनिषदों के सिद्धान्तों



को पुनर्जीवन प्रदान करते हुये इसकी महत्ता को स्थापित किया। उन्होंने ईश्वर को पूर्ण वास्तविकता के रूप में स्वीकार किया और साथ ही इस संसार को भ्रम या मायाजाल बताते हुये परमात्मा की प्राप्ति को ही जीवन का अंतिम लक्ष्य बताया इस संसार को वास्तविक माना उन्होने अज्ञानता बताया और कहा है कि ज्ञानी इस भ्रम और माया में नहीं पड़ते । शंकराचार्य ने संन्यासी समुदाय में सुधार के लिए उपमहाद्वीप में चारों दिशाओं में चार मठों की स्थापना की। %अवतारवाद% के अनुसार, ईश्वर तब अवतार लेता है, जब धर्म की हानि होती है। धर्म और समाज को व्यवस्थित करने के लिए

## जांच दल द्वारा गुणवत्ता जांच हेतु दुग्ध उत्पाद के लिए गए नमूने

सिवनी यशोः-खाद्य आयुक्त एवं कले टर श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशन में 2 मार्च से दूध एवं दूध से बने उत्पादों पर विशेष निगरानी रखने के लिए %%मिलावट से मुक्ति अभियान%% चलाया जा रहा है, गर्मी में आईसक्रीम, लस्सी इत्यादि का अधिक इस्तेमाल होने तथा दूध की खपत बढ़ जाने से मिलावट होने की संभावना भी बढ़ जाती है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन के जांच दल द्वारा दूध विक्रेताओं एवं प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर दूध एवं दूध से बने उत्पादों की गुणवत्ता जांच कार्यवाही लगातार जारी है, इसी क्रम में महालक्ष्मी आईसक्रीम बाहुबली चौक से काजू शेक, आनंद लस्सी बस स्टैंड से लस्सी, महावीर आईसक्रीम से लस्सी, गुजराती आईसक्रीम से आइसकैंडी और कुल्फी का नमूना गुणवत्ता जांच हेतु लिया गया। जांच के दौरान मां बंजारी ट्रेडर्स सिहोरा, लखनादौन का विहित खाद्य पंजीयन न पाए जानें के कारण खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 की धारा 58 के तहत प्रकरण बनाया गया एवं सुधार सूचना पत्र जारी किया गया।

### जबरन नॉलेज

बड़ी ऊंची छलांग है - काका हा हा हा



# फूलों का तारों का सबका कहना है हजारों लाखों मेरी बहना है : शिवराज सिंह

### महिला सशक्तिकरण के लिए चल रहे अभियान में बहनों का अपार जन-समर्थन

### मु यमंत्री श्री चौहान सिवनी जिले के केवलारी में मु यमंत्री लाडली बहना महास मेलन में शामिल हुए

सिवनी यशो– सिवनी मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश में बहनों की जिंदगी बदलने का महा अभियान चल रहा है। सरकार ने अब लाड़ली बहना योजना बनाई है, जिसमें गरीब और नि न मध्यम वर्ग की महिलाओं को प्रति माह 1000 रूपये मिलेंगे। उन्होंने कहा कि लाड़ली बहना सिर्फ योजना नहीं एक सामाजिक क्रांति है। मेरी बहनों को अब अपनी छोटी-मोटी जरूरतें पूरी करने के लिए किसी के आगे हाथ नहीं फैलाना होगा। यह एक भाई का अपनी बहन के लिए उपहार है, जो उन्हें केवल रक्षाबंधन पर नहीं, पूरे वर्ष मिलता रहेगा।

मु यमंत्री श्री चौहान आज सिवनी जिले के केवलारी में मु यमंत्री लाड़ली बहना महास मेलन में शामिल हुए। मु यमंत्री ने129करोड़ रूपये के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। साथ ही मु यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना के पट्टे हितग्राहियों को वितरित किए। हितग्राहियों को अन्य योजनाओं में हितलाभ भी वितरित किया गया।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में महिला सशक्तिकरण के लिए चल रहे अभियान में मेरी बहनों का अपार जन-समर्थन मिल रहा है। आज भी यहाँ टेंट छोटा पड़ गया है। मैं अपनी बहनों के प्यार,स्नेह और समर्थन के लिए दिल से आभारी हूँ। भाई-बहन का रिश्ता अद्भुत रिश्ता है। मैंने प्रण किया है कि मैं अपनी बहनों की आँखों में आँसू नहीं आने दूँगा। आज मैं आपसे मन की बात कहने आया हूँ,भाषण देने नहीं।

**केंद्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि देश के इतिहास में पहली बार किसी सरकार ने महिलाओं के कल्याण के लिए मु यमंत्री लाड़ली बहना जैसी योजना संचालित की हैं। उन्होंने कहा कि लाड़ली बहना योजना निश्चित रूप से प्रदेश की महिलाओं की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति को सशक्त करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।**

### करोड़ों के विकास कार्यो का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया

**विधायक श्री राकेश पाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भीमगढ़ नहर के सीमेंटीकरण की बहुउद्देश्यीय परियोजना की स्वीकृति मिल जाने पर मु यमंत्री श्री चौहान का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि नहर का सीमेंटीकरण हो जाने से आखरी छोर तक के किसानों को समय पर सिंचाई के लिये पानी मिलेगा तथा पानी का अपव्यय कम होगा।**

### 10जून से बहनों के खाते में आने लगेंगे1000रूपये छूटे हुए सभी गाँव को जल जीवन मिशन में किया जाएगा शामिल



### मैंने बहन,बेटियों के प्रति भेदभाव और अन्याय को समाप्त करने का प्रण लिया

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्राचीन भारत में महिलाओं की बहुत इज्जत और स मान था।मध्य काल में इसमें कमी आई और बेटियों के साथ भेदभाव और अन्याय किया जाने लगा। मैं बचपन से बेटियों के प्रति भेदभाव देखता आया हूँ। तभी मैंने प्रण लिया था कि इस भेदभाव और अन्याय को समाप्त करूंगा। मैं इसे पूरा करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा हूँ।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में सबसे पहले लाड़ली लक्ष्मी योजना बनाई गई और बेटियों को उनके जन्म के समय30हजार का बचत-पत्र खरीद कर दिए जाने लगा। इसमें समय-समय पर उन्हें पढ़ाई के लिए राशि मिलती है और21वर्ष की आयु पूरी होने पर उन्हें एक लाख रूपये एकमुश्त मिलते हैं। आज मध्यप्रदेश में44लाख से अधिक लाड़ली लक्ष्मी हैं।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बहनों को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने के लिए मध्यप्रदेश में पंचायत और स्थानीय निर्वाचन में50प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। इसके परिणामस्वरूप आज ग्राम पंचायतों से लेकर जिला पंचायतों तक मेरी बहनें सरकार चला रही हैं। जमीन,जायदाद बहनों के नाम से करने पर रजिस्ट्री शुल्क1प्रतिशत ही लिया जाता है। पुलिस और शिक्षकों की भर्ती में भी बेटियों को आरक्षण दिया जा रहा है। मु यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना में गरीब बहनों की शादी सरकार करवाती है। संबल योजना में भी बहनों को लाभ दिया जाता है।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लाडली बहना योजना का लाभ23से60वर्ष तक की उन बहनों को मिलेगा,जिनके परिवार की सालाना आय ढाई लाख रूपये से कम हो,घर में5एकड़ से अधिक भूमि न हो और कोई4पहिया वाहन न हो। योजना के फॉर्म30अप्रैल तक भरे जा रहे हैं,मई माह में इनका परीक्षण होगा और आगामी10जून से पात्र बहनों के खाते में1000रूपये प्रतिमाह आने लगेंगे। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सिवनी क्षेत्र के लिए की गई लगभग सभी माँगों को पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले के कुछ गाँव पीने का पानी पहुँचने से छूट गए हैं,उन सभी को जल जीवन मिशन में शामिल किया जाएगा। जिले के लाल माटी क्षेत्र में सिंचाई के पानी की व्यवस्था के लिए सर्वे कर समाधान किया जाएगा।

### पुष्प वर्षा से मु यमंत्री चौहान ने किया बहनों का स्वागत

मु यमंत्री श्री चौहान ने मंचीय कार्यक्रम के पूर्व पुष्प वर्षा से उपस्थित महिलाओं का स्वागत किया। महिलाओं द्वारा भी ÷मु यमंत्री लाडली बहना योजना÷ जैसी कल्याणकारी योजना प्रदेश में संचालित करने के लिए धन्यवाद त ती के माध्यम से अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। वहीं केवलारी की बहनों ने भैय्या शिवराज को अपने हाथों से लिखी पाती भी सौपीं।

### स्कूटी में सवार होकर लाड़ली बहनों ने की मु यमंत्री के कारकेट की अगवानी

मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के केवलारी आगमन पर लाड़ली बहनों ने उनकी अगवानी की। 50 से अधिक सं या में लाड़ली बहनो ने स्कूटी में सवार होकर मु यमंत्री श्री चौहान के कारकेट को हेलीपेड से मु य कार्यक्रम स्थल तक पहुँचाया।

कार्यक्रम में केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा, राज्यसभा सांसद कविता पाटिदार, विधायक केवलारी राकेश पाल, विधायक सिवनी दिनेश राय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती डहेरिया, मण्डला जिले के विधायक देवीसिंह सैयाम, आलोक दुबे, वैभव पवार, पूर्व सांसद नीता पटेरिया, पूर्व विधायक नरेश दिवाकर सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों, कले टर श्री क्षितिज सिंघल, पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति रही।

# अक्षय तृतीय का शुभ मुहूर्त

सिवनी यशोः- आज अक्षय तृतीय है इस तिथि पर किसी भी कार्य को करने के लिये मुहूर्त नहीं देखा जाता इस दिन किये हुये धार्मिक कार्यो का पुण्य अक्षय होता है ऐसा माना जाता है । अक्षय तृतीया को आखा तीज के नाम से भी जाना जाता है। अक्षय तृतीया की तिथि एक अबूझ मुहूर्त है। नई शुरुआत और शुभ खरीदारी करने के लिए अक्षय तृतीया का विशेष महत्व होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस तिथि पर शुभ काम और नई शुरूआत करने पर अक्षय फल की प्राप्ति होती है। अक्षय तृतीया पर अनेक तरह के धार्मिक कार्य किये जातो है जिसे शुभमाना जाता है । हिंदू पंचांग के अनुसार वैशाख महीने के शु ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया त्योहार मनाया जाता है। अक्षय तृतीया का पर्व मांगलिक कार्यों को करने के लिए बहुत ही शुभ माना जाता है। इस दिन मां लक्ष्मी की विशेष पूजा आराधना करने का विधान होता है। अक्षय तृतीया के दिन बिना शुभ मुहूर्त देखे किसी भी तरह का शुभ कार्य, खरीदारी या पूजा-अनुष्ठान किया जा सकता है। आइए जानते हैं अक्षय तृतीया का महत्व, पूजा विधि और खरीदारी का शुभ मुहूर्त।

अक्षय तृतीय के दिन भगवान परशुराम जी की जयंती भी मनायी जाती है ब्राह्मण कुल के पूज्य परशुराम जयंती देश के हर क्षेत्र में धूमधाम से मनायी जाती है ।

### अक्षय तृतीया 2023 तिथि और पूजा शुभ मुहूर्त

इस साल अक्षय तृतीया जिसे आखा तीज भी कहते हैं शनिवार, 22 अप्रैल 2023 को है। हिंदू पंचांग के अनुसार अक्षय तृतीया 22 अप्रैल को सुबह 7 बजकर 09 मिनट से शुरू हो रही है और 23 अप्रैल को सुबह 7 बजकर 30 मिनट तक रहेगी। वहीं अगर अक्षय तृतीया पर मां लक्ष्मी की पूजा के लिए शुभ मुहूर्त 22 अप्रैल को 7 बजकर 05 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 20 मिनट तक रहेगा।

### अक्षय तृतीया पर जल भर मटका दान करने का महत्व

अक्षय तृतीया पर दान करने का भी महत्व होता है। ऐसी मान्यता है कि अक्षय तृतीया के दिन दान करने से अच्छे कर्मो की कभी क्षय नहीं होती है। अक्षय तृतीया के दिन अक्षय पुण्य हासिल करने के लिए मटके में जल भर कर दान किया जाता है इस जल के साथ श्रद्धा और परंपराओं के अनुसार अनेक वस्तुओं का दान किया जाता है ।

# उत्सवी माहौल में हो मंडला जिले का कार्यक्रम - मु यमंत्री

## 27 अप्रैल को होगा कार्यक्रम

भोपाल- मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मंडला जिले में 27 अप्रैल को होने वाला कार्यक्रम उत्सवी माहौल में हो। ऐसा वातावरण बने कि लोग आकर्षित हों। कार्यक्रम में लगाई जाने वाली प्रदर्शनी में कोदो-कुटकी और अन्य मोटे अनाजों की जानकारी दी जाये। मंडला में होने वाले कार्यक्रम में 75 हजार हितग्राही शामिल होंगे। मु यमंत्री श्री चौहान आज मंत्रालय में 27 अप्रैल को मंडला जिले के निवास ब्लॉक के नारायणगंज में होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों की बैठक ले रहे थे।

मु यमंत्री श्री चौहान कार्यक्रम में लाड़ली बहना योजना, मु यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना, स्व-सहायता समूह की महिलाओं को लाभान्वित करेंगे। पेसा मोबिलाइजर, जन-सेवा मित्र, जन अभियान परिषद के सदस्यों से संवाद भी करेंगे।

मु यमंत्री श्री चौहान वन्य-प्राणी प्रबंधन कार्यशाला में भी शामिल होंगे। कार्यशाला ग्राम मोचा में 27 से 29 अप्रैल तक होगी। वन्य-प्राणी प्रबंधन पर लघु फिल्म दिखाई जायेगी। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कार्यशाला में विदेश से आने वाले अतिथियों का स्वागत बेहतर हो।

# पुंछ की घटना पर मु यमंत्री ने दुख जताया

भोपाल - मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पुंछ - ज मू नेशनल हाई-वे के पास सेना के वाहन में आगजनी से 5 जवानों के निधन पर दुख व्यक्त किया है।

मु यमंत्री श्री चौहान ने ट्वीट संदेश में कहा कि आज हुई इस दुर्घटना में सेना के जवानों के निधन का दुखद समाचार सुनकर हृदय व्यथित है। दुख की इस घड़ी में पूरा देश जवानों के शोकाकुल परिजन के साथ खड़ा है।

मु यमंत्री श्री चौहान ने वीर सपूतों को नमन करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की है।

# बाबा साहेब ने पत्रकारिता को बताया सामाजिक न्याय का माध्यम

**लोकेन्द्र सिंह-**

बाबा साहेब डॉ. भीमराव रामजी अ बेडकर का व्यक्तित्व बहुआयामी, व्यापक एवं विस्तृत है। उन्हें हम उच्च कोटि के अर्थशास्त्री, कानूनविद, संविधान निर्माता, ध्येय निष्ठ राजनेता और सामाजिक क्रांति एवं समरसता के अग्रदूत के रूप में जानते हैं। सामाजिक न्याय के लिए उनके संघर्ष से हम सब परिचित हैं। बाबा साहेब ने समाज में व्याप्त जातिभेद, ऊंच-नीच और छुआछूत को समाप्त कर समता और बंधुत्व का भाव लाने के लिए अपना जीवन लगा दिया। वंचितों, शोषितों एवं महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने के लिए बाबा साहेब ने अलग-अलग स्तर पर जागरूकता आंदोलन चलाए। अपने इन आंदोलनों एवं वंचित वर्ग की आवाज को बृहद् समाज तक पहुँचाने के लिए उन्होंने पत्रकारिता को भी साधन के रूप में अपनाया।

उनके ध्येय निष्ठ, वैचारिक और आदर्श पत्रकार-संपादक व्यक्तित्व की जानकारी अपेक्षाकृत बहुत कम लोगों को है। बाबा साहेब ने भारतीय पत्रकारिता में उल्लेखनीय योगदान दिया है। पत्रकारिता के सामने कुछ लक्ष्य एवं ध्येय प्रस्तुत किए। पत्रकारिता कैसे वंचित समाज को सामाजिक न्याय दिला सकती है, यह यशस्वी भूमिका बाबा साहेब ने निभाई है। बाबा साहेब ने वर्षों से 'मूक' समाज को अपने समाचारपत्रों के माध्यम से आवाज देकर 'मूकनायक' होने का गौरव अर्जित किया है।




बाबा साहेब भली प्रकार समझते थे कि दीर्घकाल तक चलने वाली सामाजिक क्रांति की सफलता के लिए एक प्रभावी समाचार-पत्र का होना आवश्यक है। पत्रकारिता की आवश्यकता और प्रभाव को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा भी था- ÷जैसे पंख के बिना पक्षी होता है, वैसे ही समाचार-पत्र के बिना आंदोलन होते हैं÷।

मानवतावादी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उन्होंने पत्रकारिता को अपना साधन बनाने का निश्चय किया और 1920 में 'मूकनायक' के प्रकाशन के साथ बाबा साहेब ने पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रवेश किया। मूकनायक से शुरू हुई यह पत्रकारिता 'बहिष्कृत भारत', 'जनता' और 'प्रबुद्ध भारत' तक जाती है।

उन्होंने मूकनायक के पहले ही अंक में लिखा- ÷हमारे इन बहिष्कृत लोगों पर हो रहे तथा भविष्य में होने वाले अन्याय पर उपाय सुझाने हेतु तथा भविष्य में इनकी होने वाली उन्नति के लिए जरूरी मार्गों पर चर्चा हो इसके लिए पत्रिका के अलावा और कोई दूसरी जमीन नहीं है÷। इसी तरह पत्रकारिता के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए डॉ. अंबेडकर ने लिखा है- ÷सारी जातियों का कल्याण हो सके, ऐसी सर्वसमावेशक भूमिका समाचार-पत्रों को लेनी चाहिए। यदि वे यह भूमिका नहीं लेते हैं, तो सबका अहित होगा÷।

बाबा साहेब की पत्रकारिता का प्राथमिक उद्देश्य अवश्य ही अस्पृश्य समाज की समस्याओं को उठाना और उन्हें समानता का अधिकार दिलाना था लेकिन यदि हम बाबा साहेब की समूची पत्रकारिता से होकर गुजरते हैं, तो हमें ध्यान आता है कि उनकी पत्रकारिता संपूर्ण समाज और मानवता के प्रति समर्पित थी। उनकी पत्रकारिता में मानवीय संवेदनाओं के साथ राष्ट्रीय स्वर भी है।

उनकी पत्रकारिता में प्रत्येक स्थान पर 'भारत' उपस्थित रहा। उनके समाचारपत्रों के नाम से ही इस बात को समझा जा सकता है। जब बाबा साहेब ने छापेखाने की स्थापना की, तब उसका नाम भी 'भारत भूषण' रखा। उनकी पत्रकारिता को 'दलित पत्रकारिता' तक सीमित करके नहीं रखा जा सकता। यदि हम ऐसा करते हैं, तब उनके साथ और उनकी पत्रकारिता के साथ न्याय नहीं कर रहे होते हैं। बाबा साहेब की पत्रकारिता को संपूर्ण समाज का सहयोग भी प्राप्त हुआ।

बाबा साहेब अपने समाचारपत्रों के माध्यम से समस्त हिन्दू समाज का प्रबोधन कर रहे थे। समतापूर्ण समाज का निर्माण करने के लिए अस्पृश्य वर्ग में आत्मविश्वास जगाना आवश्यक था और सवर्ण समाज को आईना दिखाकर उनको यह समझाना कि मनुष्य के साथ भेद करने का कोई तर्क नहीं, सब बराबर हैं।

पत्रकारिता को माध्यम बना कर उन्होंने यह कार्य कुशलता एवं प्रभावी तरीके से किया। बाबा साहेब का लेखन आज भी प्रासंगिक है। उनके द्वारा उठाए गए सामाजिक प्रश्न हों, आर्थिक विषय हों या फिर सांप्रदायिक एवं देश-बाह्य विचारधारों के खतरे, सब पर उन्होंने उस समय जो मार्गदर्शन किया, वह आज की परिस्थितियों में भी पाथेय है।

आज की पत्रकारिता को भी बाबा साहेब जैसे संकल्पित पत्रकार-संपादक चाहिए, जो पत्रकारिता के सामाजिक महत्व को जानकर पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रवेश करते हैं और आजन्म समाजोत्थान के लिए ही पत्रकारिता का उपयोग करते हैं। निःसंदेह बाबा साहेब ने अपनी पत्रकारिता के माध्यम से इस क्षेत्र के लिए जो प्रतिमान स्थापित किए, वे हमेशा के लिए भारतीय पत्रकारिता को दिशा देने का काम कर सकते हैं।

इस संदर्भ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक दत्तोपन्त ठेंगड़ी ने अपनी पुस्तक 'डॉ. अ बेडकर और सामाजिक क्रान्ति की यात्रा' में लिखा है ‡ ÷भारतीय समाचार-पत्र जगत की उज्ज्वल परंपरा है। परंतु आज चिंता की बात यह है कि संपूर्ण समाज का सर्वांगीण विचार करनेवाला, सामाजिक उत्तरदायित्व को माननेवाला, लोकशिक्षण का माध्यम मानकर तथा एक व्रत के रूप में समाचार-पत्र का उपयोग करनेवाला डॉ. अ बेडकर जैसा पत्रकार दुर्लभ हो रहा है÷। उक्त विचार ही बाबा साहब की पत्रकारिता का संदेश और सार है।

# कार्यकर्त्ता ''अबकी बार 200 पार'' और 51 प्रतिशत वोट शेयर के लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं -हितानन्द

## प्रदेश संगठन महामंत्री ने धार जिले की 7 विधानसभा की संचालन टोली की बैठक ली



धार। भारतीय जनता पार्टी ने 51 प्रतिशत वोट शेयर और ''अबकी बार 200 पार'' का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए हमें केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के हितग्राहियों से संपर्क करना है। साथ ही पार्टी के कार्यविस्तार और सुदृढ़ीकरण को लेकर चल रहे बूथ विस्तारक अभियान को गति देते हुए उसे पूर्ण करना है। हर बूथ पर अगर हमने 51 प्रतिशत का वोट शेयर हासिल कर लेंगे तो हर बूथ पर भारतीय जनता पार्टी की जीत निश्चित होगी साथ ही हम ''अबकी बार 200 पार'' का लक्ष्य भी पूरा कर लेंगे। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद जी ने शुक्रवार को धार जिला कार्यालय में जिले की विधानसभा संचालन समिति की बैठकों में कही। श्री हितानन्द जी ने धार जिले सात विधानसभा गंधवानी, मनावर, सरदारपुर, धरमपुरी, कुक्षी, धार और बदनावर विधानसभा की संचालन टोली की अलग-अलग बैठकें लीं। उनके साथ संभाग प्रभारी डॉ राघवेंद्र गौतम, प्रदेश सरकार के मंत्री श्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव, म.प्र. युवा आयोग अध्यक्ष डॉ निशांत खरे, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री मनोज सोमानी उपस्थित थे।

### बूथ विस्तारक अभियान को तय समय सीमा में पूर्ण करें

प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद जी ने विधानसभावार बैठकों में बूथ स्तर तक चल रहे बूथ विस्तारक अभियान 2.0 की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि हम बूथ जीता तो चुनाव जीता का नारा लगाते हैं, बूथ विस्तारक अभियान के माध्यम से इस नारे को हमें साकार करना है। उन्होंने अभियान के दौरान किये जाने वाले 22 करणीय कार्यों की चर्चा करते हुए प्रत्येक बूथ पर सभी कार्यों को तय समय सीमा में पूर्ण करने की बात कही। उन्होंने कहा कि बूथ हमारी प्राथमिक इकाई है, हम जितने अधिक बूथ पर सशक्त होंगे, भारतीय जनता पार्टी उतनी ही मजबूत होगी। उन्होंने डिजीटल बूथ बनाने और पन्ना प्रमुख, पन्ना समिति के गठन के बारे में भी चर्चा की। प्रदेश संगठन महामंत्री ने बैठकों में पार्टी के आगामी अभियानों और कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि 30 अप्रैल को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम का 100वां संस्करण प्रसारित होगा, इसके लिए प्रत्येक विधानसभा में कम से कम 100 स्थानों पर मन की बात कार्यक्रम सुनने की व्यवस्थाएं करें। इस कार्यक्रम में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बूथ पर निवास करने वाले प्रबुद्धजन भी पहुंचें, ऐसी व्यवस्था बनाएं।

### सोशल मीडिया पर सक्रिय रहे कार्यकर्ता

श्री हितानंद जी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पुरातन विचार और नवाचार के साथ आगे बढ़ रही है, हमारा चारों दिशाओं में विस्तार हो रहा है। भारतीय जनता पार्टी की सरकारों ने जो काम किए हैं, वह भूतो न भविष्यती है। भारत के बढ़ते मान और स मान से देशविरोधी ताकतें परेशान हैं और इसलिए वे समाज में किस तरह विद्वेष फैले इसके मौके देखती है। सोशल मीडिया के माध्यम से यह देश विरोधी ताकतें हमारे सामाजिक तानेबाने को आहत पहुंचाने के साथ जनता में भ्रम फैलाने का काम करती है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सोशल मीडिया पर सक्रीय रहें और हमनें जो काम किए हैं, उन तथ्यों और तर्कों के साथ विरोधियों को जवाब दें।

विधानसभावार बैठकों में पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री विक्रम वर्मा, प्रदेश मंत्री श्री जयदीप पटेल, सांसद श्री छतर सिंह दरबार, विधायक श्रीमती नीना वर्मा, नागरिक आपूर्ति निगम के उपाध्यक्ष श्री राजेश अग्रवाल सहित जिले के वरिष्ठ नेता व जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष जिले की सातों विधानसभा टोली के सदस्य शामिल हुए।

# छात्रों में उद्यमी विश्वास और कौशल विकसित करने के लिए प्रारंभ होगा तेजस्वी कार्यक्रम

## प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा की उपस्थिति में बहुपक्षीय एमओयू हुआ हस्ताक्षरित

## विद्यार्थियों को व्यवसायिक प्रशिक्षण और फंड भी मिलेगा

भोपाल - गत दिवस मंत्रालय में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा छात्रों में उद्यमी विश्वास एवं कौशल विकसित करने के उददेश्य से तैयार किये गये तेजस्वी कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए बहुपक्षीय एमओयू हस्ताक्षरित किया गया। सह समझौता पत्र (MOU) आयुक्त लोक शिक्षण, राज्य ओपन स्कूल एवं सहयोगी संस्था उद्दयम लर्निंग फाउंडेशन और द एजुकेशन एलायंस के बीच हस्ताक्षरित किया गया। सभी पक्षों के मध्य हस्ताक्षर के उपरांत एमओयू की प्रति प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा श्रीमति रश्मि अरूण शमी को सौपी गई।

उल्लेखनीय है कि तेजस्वी कार्यक्रम के तहत छात्रों को विद्यालयीन समय से ही नवीन उद्योगों और स्व व्यवसाय की जानकारी प्रदान की जायेगी। इसके लिए पृथक पाठ्यक्रम भी विकसित किया गया है। विद्यालयों में इस पाठ्यक्रम के आधार पर सप्ताह में तीन दिन 40-40 मिनिट की विशेष कक्षाएं संचालित की जायेंगी। इसके साथ ही विभिन्न नवाचारी व्यवसायों पर आधारित अनुभव आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम और प्रोजे ट कार्य भी संचालित होंगे।




इसके लिए आवश्यक लागत राशि भी कार्यक्रम अंतर्गत शासन द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी। जिससे शालेय विद्यार्थी स्व रोजगार और नये उद्दयमों की स्थापना हेतु प्रेरित हो सकेंगे।

इस संबंध में स्कूल शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार) राज्य मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने कहा कि माननीय मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जिस दृष्टिकोण के साथ आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की कल्पना की है और स्वावलंबी तथा कर्मठ युवा समाज की स्थापना के लिए मध्यप्रदेश युवा नीति घोषित की है, उसी तारत य में हम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप स्कूली विद्यार्थियों में व्यवसायिक दक्षताओं एवं जीवन कौशल विकसित करने के लिए दृढ संकल्पित है। इसी दिशा में आज स्कूल शिक्षा एवं सहयोगी संस्थाओं के मध्य एमओयू हस्ताक्षरित हुआ है। मुझे पूरा विश्वास है कि इस कार्यक्रम से तेजस्वी नागरिकों का निर्माण होगा।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव, स्कूल शिक्षा श्रीमति रश्मि अरुण शमी ने कहा कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की परिकल्पना के अनुरूप हाल ही में घोषित मध्यप्रदेश की युवा नीति को जोड़ते हुए भविष्य की कल्पनाओं को साकार करने के लिए शाला स्तर से ही विद्यार्थियों में चुनौतियों का सामना करने की योग्यताएं एवं व्यवसायिक दृष्टिकोंण विकसित करना आवश्यक है। मु यमंत्री जी के दिशा निर्देशों के अनुरूप स्कूल शिक्षा विभाग विद्यार्थियों में यही गुण विकसित करने के लिए तेजस्वी कार्यक्रम प्रारंभ कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रायोगिक तौर पर यह कार्यक्रम अभी प्रदेश के दो महानगारों भोपाल और इंदौर के शासकीय विद्यालयों की कक्षा नवमीं और ग्यारहवीं के विद्यार्थियों के लिए प्रारंभ किया जा रहा है जिसे भविष्य में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के मध्य संपूर्ण प्रदेश में सचालित किया जा सकेगा।

आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव ने बताया कि, इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में उद्यमी विश्वास और 21वीं सदी के कौशल विकसित करना है ताकि वे जीवन की चुनौतियों के लिए बेहतर रूप से तैयार हो सकें। उन्होने बतायया कि %%तेजस्वी एमपी कार्यक्रम%% पाठ्यक्रम के अंतर्गत भोपाल और इंदौर के 301 शासकीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं के लगभग 44,780 विद्यार्थी तथा %%तेजस्वी एमपी सामाजिक और व्यवसायिक नवाचार चैलेंज कार्यक्रम%% में इन्हीं दोनो नगरों के 176 विद्यालयों के 11वीं कक्षा के 22,738 विद्यार्थी लाभान्वित होंगे।

इस अवसर पर निदेशक, अपर मिशन संचालक समग्र शिक्षा श्रीमति मनीषा सेंतिया, उप सचिव श्रीमति मंजुषा राय, उप सचिव प्रमोद सिंह, एमपी स्टेट ओपन स्कूल के संचालक प्रभात राज तिवारी, सहयोगी संस्था उद्यम लर्निंग फाउंडेशन के संस्थापक श्याम सूर्यानरायण, म.प्र. राज्य प्रमुख संदीप ताड़ा, द एजुकेशन एलायंस की प्रतिनिधि सुश्री कंचन लाल एवं अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहें।

# ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था दुरुस्त रखने नियमित मॉनिटरिंग हो - प्रमुख सचिव

## जल उपलब्धता के साथ पेयजल गुणवत्ता की भी करें नियमित समीक्षा

भोपाल - प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी संजय कुमार शु ल ने कहा है कि ग्रीष्मकाल में ग्रामीण पेयजल व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए समस्त ज़िलों के विभागीय अधिकारी नियमित समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि पेयजल स्त्रोतों में जैविक प्रदूषण को रोकने ` लोरिनेशन के लिए आवश्यक केमिकल्स की सतत उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

प्रमुख सचिव के निर्देशानुसार मु य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत प्रति सप्ताह जिले की सभी ग्राम पंचायतों में पेयजल प्रदाय की विस्तृत समीक्षा करेंगें। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) विकासखण्ड स्तर पर साप्ताहिक समीक्षा करेंगें। साथ ही समीक्षा बैठकों में जन-प्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

### समस्यामूलक ग्राम-बसाहटों का चिन्हांकन कर निराकरण की कार्ययोजना बना कर करें कारवाई

प्रमुख सचिव श्री शु ल ने निर्देश दिये हैं कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का अमला लगातार ग्रामीण क्षेत्र का भ्रमण करे। विगत वर्षो के अनुभव के आधार पर ग्रामों-बसाहटों में पेयजल समस्या का आंकलन किया जाए। स्थानीय जन-प्रतिनिधियों के साथ चिन्हांकित ग्रामों-बसाहटों में पेयजल समस्या के निराकरण के लिए ग्राम और बसाहटवार कार्य-योजना तैयार कर कारवाई सुनिश्चित की जाए।

### हैंडपंप, नलकूपों के संचालन की करें नियमित समीक्षा

### 24 घंटे में पूर्ण करें सुधार कार्य

प्रमुख सचिव श्री शु ल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में हैण्डपंपों के संचालन की नियमित समीक्षा की जाए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री सुनिश्चित करें कि बंद हैण्डपंपों का सुधार कार्य 24 घंटे में पूरा किया जाए। विगत वर्षो में जिन हैण्डपंपों के नलकूप का जल स्तर नीचे चले जाने से उन नलकूप पर सिंगल फेस विद्युत मोटरपंप स्थापित कर पेयजल व्यवस्था सुचारू की गई थी। उन सिंगल फेज विद्युत मोटरपंपों की जाँच करायें। आवश्यकतानुसार सुधार कार्य कराकर नियमित समीक्षा की जाए। प्रमुख सचिव ने कहा कि सी.एम हेल्पलाइन में हैण्डपंपों के संधारण कार्य तथा नल जल प्रदाय योजनाओं से संबंधित शिकायतों के निराकरण की नियमित समीक्षा की जाए।

### नल-जल योजना विद्युत सप्लाई के कारण प्रभावित न हो

प्रमुख सचिव ने कहा कि जिलों की सभी नल जल प्रदाय योजनाएँ चालू रहें। कोई भी नल-जल योजना विद्युत समस्या या विद्युत कने शन के विच्छेद होने से बंद न रहें। जल जीवन मिशन में प्रगतिरत जिन योजनाओं में जल स्त्रोत तथा पाइप लाइन के कार्य पूर्ण हो गए हैं, उन योजनाओं में सीधे पंपिंग कर पेयजल की आपूर्ति प्रारंभ कराई जाए।

https://dainikyhttps://dainikyashonnati.com/?p=3377

# विधानसभा चुनाव 2023 अस्पष्ट संभावनाएँ - भाग -1

## भाजपा एवं कांग्रेस के एक एक प्रत्याशी चयन में होगी सावधानी




सिवनी यशोः- आगामी नबंवर माह में विधानसभा चुनाव होना है । चुनाव के लिये लगभग छै माह का समय शेष रह गया है प्रदेश में होने वाले चुनाव भाजपा एवं कांग्रेस के लिये बेहद महत्वपूर्ण है तो वहीं आम आदमी पार्टी भी प्रदेश में दस्तक दे रही है असदुद्दीन ओवैसी की पाटी ए आई एम आई एम भी कुछ विधानसभा क्षेत्रों में अपने प्रत्याशी मैदान में उतार सकती है । गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, बसपा, सपा सहित अन्य राजनैतिक दल भी चुनाव मैदान में रहते है परंतु मध्यप्रदेश की राजनीति में अभी तक भारतीय जनता पार्टी एवं नेशनल कांग्रेस ही मु य राजनैतिक दल के रूप में चुनाव लड़ते रहे हे अन्य किसी तीसरे दल की भूमिका केवल राजनैतिक क्षेत्र में चुनावी समीकरणों को प्रभावित करने वाली रही है आम आदमी पार्टी मध्यप्रदेश में जिस ताकत से पूरे 230 विधानसभा क्षेत्रों में अपने प्रत्याशी उतारने की बात कर रही है वैसी तैयारी अभी कुछ दिखाई नहीं दे रही है । भाजपा - कांग्रेस दोनों राजनैतिक दल प्रत्याशियों का चयन बहुत सावधानी से करेंगे दोनों के लिये एक एक सीट महत्वपूर्ण रहेगी और दोनों राजनैतिक दल पिछले परिणाम से इस बात को समझ गये है कि एक एक सीट का कितना महत्व होता है । पिछले विधानसभा चुनाव के परिणाम में कांग्रेस को 114 सीटे मिली थी जबकि भाजपा को 109 सीटे शेष 07 सीटे अन्य के खाते में थी ।

### गोंडवाना गणतंत्र पार्टी की अहम भूमिका

सिवनी जिले की चार विधानसभाओ में से अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिये आराक्षित दो विधानसभा क्षेत्र लखनादौन एवं बरघाट कांग्रेस के पास है और जिले की दोनों सामान्य सीटों सिवनी एवं केवलारी पर भाजपा का कब्जा है । जिले की चारों विधानसभाओं में आदिवासी मतदाताओं की बड़ी सं या है परंतु वोटों का विभाजन होता है तथा आदिवासी मतदाताओ का बड़ा हिस्सा मिलने के बाद भी गोंडवाना गणतंत्र पार्टी अपनी जीत दर्ज नहीं करा पाती । भाजपा एवं कांग्रेस के प्रतिबद्ध आदिवासी मतदाताओंएवं अन्य वर्गोके मतदाताओ के वोटों का बड़ा हिस्सा भाजपा एवं कांग्रेस के पक्ष में जाता है ।

### गोंगपा और कांग्रेस मे संभावित समझौते का मसौदा

कांग्रेस पार्टी मध्यप्रदेश में अपनी सरकार बनाने के वे सारे प्रयास कर रही है जो उसे सत्ता के सिंहासन तक ले जाने में सहायक सिद्ध हो इसी प्रयास के तहत कांग्रेस गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से गठबंधन की कोशिश भी कर रही है और जानकारी के अनुसार गोंडवाना के प्रदेश स्तरीय एवं राष्ट्रीय नेताओं से इस संबंध में चर्चा को भी अंतिम देने के प्रयास हो रहे है परंतु गोंडवाना के कुछ नेताओं का मानना है कि कांग्रेस की बैसाखी से तात्कालिक लाभ तो होगा परंतु गोंडवाना के अस्तित्व पर संकट बन सकता है । जानकारी के अनुसार गोंडवाना गणतंत्र पार्टी सिवनी जिले की दो विधानसभाएँ मांग रही है । वहीं कांग्रेस दोनों आरक्षित सीटों पर कांग्रेस के काबिज विधायक वाली सीटे देने के पक्ष में नहीं है । जिला मु यालय की सीट शायद ही कांग्रेस समझौते में दे परंतु इस संभावना से इंकार भी नहीं किया जा सकता `योंकि 2008 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस मु यालय की सीट एनसीपी को दी चुकी थी परंतु बाद में समझौते को तोड़कर कांग्रेस ने अपने प्रत्याशी के रूप में प्रसंन्नचंद मालू को चुनाव लड़ा दिया था हालांकि उस चुनाव में कांग्रेस की स्थिती बहुत खराब रही और भाजपा की श्रीमती नीता पटेरिया चुनाव में स मानजनक वोटों से विजयी रही ।

### तब ठाकुर रजनीश सिंह होंगे सिवनी से प्रत्याशी

अब शेष सीट बचती है केवलारी गोंडवाना यदि एक सीट पर कांग्रेस से समझौता करती है तो केवलारी विधानसभा गोंडवाना के खाते में जा सकती है परंतु यह विधानसभा कांग्रेस का गढ़ रही है 2018 के चुनाव में कांग्रेस की पराजय का कारण भाजपा की कुशल रणनीति रही है और कांग्रेस के प्रत्याशी पूर्व विधायक रजनीश हरवंश सिंह ठाकुर जीत के प्रति चुनाव के दौरान इतने अधिक आशांवित होगये थें कि वे ऐसा मान रहे थे कि भाजपा ने उनके सामने बहुत कमजोर प्रत्याशी दिया है परंतु भाजपा के प्रत्याशी राकेश पाल सिंह जिस कुशलता से चुनाव लड़ा उसकी भाजपा को भी उ मीद नहीं थी । कांग्रेस और गोंडवाना के बीच समझौता होने की वैसे तो कोई उ मीद नहीं है परंतु यदि हुआ तो केवलारी विधानसभा सीट कांग्रेस गोंडवाना को दे सकती है और यदि केवलारी विधानसभा सीट समझौते में चली जाती है तो ठाकुर रजनीश सिंह चुनाव लड़ेंगे कहाँ से संभव है ऐसी स्थिती में वे सिवनी विधानसभा से प्रत्याशी हो ।

क्रमशः

# माह रमजान : मस्जिदों में अदा की गई जुमातुल विदा की नमाज



सिवनी यशोः-जिला मु यालय सहित ग्रामीण अंचलों में स्थित सभी मस्जिदों में 21 अप्रैल शुक्रवार को माह रमजान के जुमातुल विदा की नमाज अदा की गई, इस दौरान मस्जिदों में माह रमजान एवं जुमातुल विदा के साथ ही ईदुल्लफितर की नमाज के बारे में तकरीर की गई।


ज्ञात हो कि माह रमजान की शुरूवात 23 मार्च की शाम चांद नजर आने के बाद हुई थी जिसका पहला रोजा 24 मार्च को रखा गया था, इस्लाम धर्म में माह रमजान को सबसे पवित्र महीना मानने के साथ ही इस माह को सभी महीनों का सरदार भी कहा जाता है। माह रमजान में मुस्लिम धर्मालंबी दिन के समय रोजा रख नमाजों का एहतेमाम करते है वहीं रात के समय तरावीह की विशेष नमाज अदा करने के साथ इबादत भी करते है।

माह रमजान को 3 असरों में बांटा गया है जिसमें पहला असराह पहले रोजे से 10 वें रोजे तक रहमत व बरकत का, दूसरा असराह 11 वें रोजे से 20 वें रोजे तक मगफिरत का एवं तीसरा असराह 21 वें रोजे से आखिरी रोजे तक जहनम से आजादी का रहता है। इसी आखिरी असरे में 5 शबेकद्र 21, 23, 25, 27, 29 शबेकद्र पड़ती है जिन्हे ताक राते भी कहा जाता है। इन रातों में एक रात की इबादत एक हजार महीनों की इबादत से बेहतर बतायी गई है। बीते दिवस 20 अप्रैल को तमाम मस्जिदों में 29 वीं शबेकद्र मनायी गई इस दौरान जहां मस्जिदों में मिलादे महफिल का आयोजन किया गया वहीं रात भर लोग अपने पालनहार की इबादत में मशबूल रहे। जहां नमाजों व कुरआन की तिलावत का दौर भी जारी रहा। माह रमजान के आखिरी असराह में मस्जिदों में ऐतकाफ भी किया जाता है जहां एतेकाफ के दौरान वंदे अपने रब की खुशनुबी हासिल करते है।

### माह रमजान में हुई 5 जुमों की नमाज अदा

इस वर्ष माह रमजान की शुरूवात भी जुमे के दिन से हुई और माह रमजान का आखिरी रोजा भी जुमे के दिन रखा गया। माह रमजान का पहला जुमा 24 मार्च को अदा किया गया वहीं दूसरा जुमा 8 वें रोजे 31 मार्च को, तीसरा जुमा 15 वें रोजे 7 अप्रैल को, चौथा जुमा 22 वें रोजे 14 अप्रैल को एवं 5 वां जुमा 29 वें रोजे 21 अप्रैल को अदा किया गया।

# राम कथा जीने की और भागवत कथा मरने की कला सिखाती हैं - स्वामी प्रज्ञानानंद



सिवनी यशोः - जीव प्रकृति के आधीन होता है और प्रकृति परामात्मा के आधीन होती है परंतु मनुष्य प्रकृति को छोड़कर प्रवृति और विकारों के के की गुलामी में फंस जाता है लोभ मोह माया के फेर में पड़ जाता है और बार बार मृत्यु लोक में उसे आना पड़ता है श्रीमद भागवत मृत्यु लोक के इस` लेश से बचाने का सुमार्ग बताती है परमात्मा की प्राप्ति की और परमात्मा में समा जाने का युक्ति बताती है । भागवत कथा हमें मरना सिखाती है जबकि श्रीराम कथा हमें जीना सिखाती है । हमें जीना कैसे है और मरना कैसे है यह दोनों सीखना जरूरी है । उक्ताशय का मंतव्य राजश्री पैलेस में भागवत कथा की व्यास पीठ से ब्रहलीन द्विपीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद जी सरस्वती जी महाराज के परम प्रिय शिष्य महामंडलेश्वर दंडी स्वामी प्रज्ञानानंद जी महाराज ने व्यक्त किये ।

महाराज श्री ने कहा कि शांत और सत्य के साथ रहना हमारा प्राकृतिक ईश्वर प्रदत्त स्वाभाव है । क्रोध, दुर्भावना, दुराग्रह असत्य को हमने जन्म देते है जबकि शांति और सत्य परमात्मा का स्वरूप है । इस सत्य को पाना हर जीव की चाहत होती है और इसके लिये वह निरंतर यात्रा करता है । महाराजश्री ने कहा कि हम परमात्मा के अंश है और इसका अंत परमात्मा में मिलने से ही होगा। भागवत की शरण में जो आ जाता है वह स्वयं भागवत हो जाता है परमपिता परमेश्वर का हो जाता है परंतु इसका श्रवण और मनन निरंतर होना चाहिये। महाराज श्री ने पवित्र कथा गंगा का प्रवाह करते हुये भागवत कथा के चरित्रों का सुंदर वर्णन करते हुये कथा के गूढ रहस्यों को प्रतिपादित करते हुये बताया कि लक्ष्मी को माता के रूप में या पुत्री के रूप में पूजा जाना चाहिये माता वह सब देती है जो पुत्र को आवश्यक होता है और पुत्री जैसे जैसे बढ़ती है उसे धर्म के मार्ग में प्रवृत किया जाता है अर्थात जब धन बढ़ता है तो उसका सदुपयोग अच्छे कामों में करना चाहिये।

भागवत कथा के सुंदर चरित्रों का वर्णन करते हुये भगवान कृष्ण और जामवंत प्रसंग,कृष्ण जी के प्रदुम्न द्वारा संभासुरवध, सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुये आज कथा को विश्राम दिया गया कथा विश्राम के पश्चात कथा स्थाल पर महाप्रसाद का वितरण किया गया ।

### *पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश अध्यक्ष 24 अप्रैल को सिवनी आएंगे पदयात्रा नुक्कड़ सभा एवं प्रेस से मिलेंगे*

सिवनी यशोः- मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव पवन कुमार पटेल 24 अप्रैल को सायं 4:00 बजे सिवनी आएंगे। सिवनी आगमन पर बरघाट नाका में उनका स्वागत किया जाए। तत्पश्चात वे एकपद यात्रा के माध्यम से बरघाट नाका से रानी दुर्गावती चौक तक आएंगे तत्पश्चात सोमवारी चौक पहुंचकर एक नुक्कड़ सभा को संबोधित करेंगे। तदुपरांत जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में प्रेस के साथियों एवं पिछड़ा वर्ग के साथियों से मिलेंगे। उल्लेखनीय है कि श्री पटेल दिनांक 15 अप्रैल से राहुल कमलनाथ संदेश यात्रा के माध्यम से पूरे प्रदेश के दौरे पर हैं।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए मध्य प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के उपाध्यक्ष मोहन सिंह चंदेल एवं पिछड़ा वर्ग विभाग के जिला अध्यक्ष श्री विनोद यादव ने समस्त पिछड़ा वर्ग के साथियों एवं कांग्रेस के कार्यकर्ता साथियों से समस्त कार्यक्रमों की में उपस्थिति की अपील की है।

# विधायक दिनेश राय मुनमुन ने प्रभारी मंत्री के साथ मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण

सिवनी यशोः - गत बुधवार 19 अप्रैल को जिले के प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा ने सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन के साथ निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। सिवनी नगर के समीपस्थ ग्राम कंडीपार स्थित निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का प्रातः 11:30 बजे प्रभारी मंत्री श्री सखलेचा ने वहाँ पहुँचकर 3 डी व्यू माडल को देखा तथा निर्माण एजेंसी जेपी स्ट्रक्कर प्रायवेट लिमिटेड राजकोट (गुजरात) के अधिकारियों से निर्माण के संबंध मे विस्तृत जानकारी प्राप्त की । विधायक श्री राय के साथ निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करते हुए प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा ने उपस्थित अधिकारियों को गुणवत्ता युक्त कार्य समयावधि पर करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर आलोक दुबे जिलाध्यक्ष भाजपा, क्षितिज सिंघल कले टर, रामजी श्रीवास्तव पुलिस अधीक्षक, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय सोनी, अरविन्द सेन, आशीष मानाठाकुर, पीयूष दुबे ,



आशीष सोनी, अनूप मिश्रा, अहफाज खान विधायक प्रतिनिधि, कमल किशोर सिंगारे पीआईयू, मेघा शर्मा एसडीएम, रविन्द्र पारधी प्रभारी तहसीलदार सहित निर्माण एजेंसी के अधिकारी व कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन कले टर सभाकक्ष में प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा की अध्यक्षता में आयोजित जल जीवन मिशन की बैठक मे शामिल हुए। इसके उपरांत प्रभारी मंत्री विधायक श्री राय के साथ दलसागर चौपाटी पहुंचकर निरीक्षण किया तथा प्रस्तावित सौंदर्यीकरण कार्यों के संबंध मे उपस्थित नगर पालिका के अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त किया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के पदाधिकारी, पार्षद गण, सहित अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति रही। इसके पूर्व में प्रातः 10:00 बजे प्रभारी मंत्री जी के लखनादौन आगमन पर विधायक श्री राय द्वारा होटल मिडवे ट्रीट में मुलाकात कर स्वागत किया।

# नवनिर्मित शांति शिखर भवन का भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ

सिवनी यशोः-÷ब्रह्मा कुमारी द्वारा नवनिर्मित शांति शिखर भवन का भव्य उद्घाटन÷ ब्रह्मा कुमारीज के मु यालय माउंट आबू से पधारे



डॉ टर सविता दीदी जी (महिला प्रभाग की संयोजिका) एवं साथ ही साथ 108 योगी तपस्वी ब्रह्माकुमार भाइयों का काफिला, इंदौर एवं भिलाई, रायपुर से पहुंचे ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी जी ,ब्रह्माकुमारी आशा दीदी जी, ब्रह्माकुमारी सविता दीदी जी , बरघाट - कुरई क्षेत्र के विधायक भ्राता अर्जुन काकोरिया जी, सिवनी के विधायक भ्राता मुनमुन राय जी एवं पूर्व सांसद बहन नीता पटेरिया जी और संपूर्ण भारत से पधारे ब्रह्माकुमार ब्रह्माकुमारी भाई बहनों के सानिध्य में संपन्न हुआ।

### हेमलता दीदी जी ने अपने वक्तव्य में कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी जिनका मन स्थिर है वास्तव में यही सच्ची शांति है ।

डॉ टर सविता दीदी जी ने कहा कि आज संसार में सभी को शांति की आवश्यकता है , तो हमें पहले इस भवन को गहन तपस्या करके शांति प्रेम खुशी के वाइब्रेशन से भरना होगा द्य तभी यह भवन श्चद्गड्डष्द्ग द्धश्वह्वह्यद्ग लाइट हाउस द्बद्दद्धह्ल द्धश्वह्वह्यद्ग बनकर औरों को भी शांति, शक्ति ,खुशी की अनुभूति कराने योग्य होगा । माननीय श्रीवास्तव जी ( एसपी )ने कहा की इस दौड़ती भागती जिंदगी में हर एक व्यक्ति को अपने मन एवं शरीर के लिए कम से कम दो घंटे का समय जरूर देना चाहिए। ब्र हाकुमारी संस्थान द्वारा बनाया गया शांति शिखर भवन लोगों के मन को शांति शांति प्रदान करेगा। माननीय विधायक महोदय मुनमुन राय ने कहा की ब्रह्माकुमारी बहनों का स्नेह और आशीर्वाद मुझे हमेशा से मिलता रहा है ,समय-समय पर यह मुझे याद करते हैं और ऐसे कार्यक्रम में आमंत्रित भी करते हैं। यहां आकर बहुत सुकून मिलता है, शांति मिलती है । माननीय नीता पटेरिया जी ने शुभ कामनाएं



देते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा निर्मित भवन हमारे जिले के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है , यह भवन श्रेष्ठ समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभाएगा ।

सिवनी जिले से अनेक ब्रह्मा कुमारी- कुमारी भाई बहने संपूर्ण भारत में अनेक राज्यों में सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, वह सभी भी इस शुभ अवसर पर यहां उपस्थित हुए । माउंट आबू में करीब 30 वर्षो से समर्पित रूप से सेवाएं प्रदान कर रहे ब्रह्माकुमार चेतन भाई जी अपने सहयोगी भाइयों को लेकर 3 दिन पहले से ही कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए तैयारियां करा रहे थे। उद्घाटन अवसर पर संपूर्ण भारतवर्ष से करीब चार हजार भाई बहनों ने भाग लिया । ब्र हाकुमारी ज्योति दीदी द्वारा सभी को विशेष रूप से ईश्वरीय सौगात प्रदान कर स मानित किया गया। करीब 30 मीडिया कर्मियों को भी सौगात देकर के स मानित किया गया। इंटरनेशनल मोटिवेशनल स्पीकर ब्रह्माकुमार शक्ति राज भाई के द्वारा कुशल मंच संचालन किया गया। ब्र हाकुमारी गीता दीदी के द्वारा आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया । भोमा एवं छपारा के बच्चों के द्वारा विशेष मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए। ब्र हाकुमारी ज्योति दीदी ने कहा कि अब से यहां पर अनवरत योग साधना के कार्यक्रम चलते रहेंगे सिवनी शहर के सभी भाई बहनों से अपील की है कि आप सभी यहां पर प्रतिदिन आकर ध्यान साधना अवश्य करें।

# भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार देवगांव में युवा चौपाल संपन्न



सिवनी यशोः-सिवनी विधानसभा के चमारी मंडल में युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार के निर्देशानुसार युवा चौपाल का आयोजन किया गया इस आयोजन में बड़ी सं या में युवाओं ने सहभागिता की कार्यक्रम में युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्या एवं जिले के प्रभारी जय रोहणी उपस्थित रहे । कार्यक्रम में आदिवासी अंचल के 50 युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष युवराज राहंगडाले ने भाजपा की सदस्यता लेने वाले युवाओं को गले लगाकर बधाई दी और कहा कि राष्ट्रसेवा के भाव को प्राथमिकता में रखनी वाली भारतीय जनता पार्टी के परिवार में आप सभी की सदस्यता अभिनंदनीय है सभी सदस्यता लेने वाले सदस्यों को युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने पार्टी का गमछा पहनाकर उनका स्वागत किया ।

कार्यक्रम में भाजपा के विचारों से संबंधित उद्बोधन में जय रोहाणी ने कहा कि युवाओं को भाजपा में स मान और अवसर प्रदान किये जाते है उन्हें राष्ट्र के लिये काम करने की प्रेरणा दी जाती है । इस अवसर पर युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष लवकेश त्रिवेदी जिला उपाध्यक्ष योगेश शिवहरे जिला उपाध्यक्ष चक्रेश सिंह ठाकुर जिला मंत्री शेर सिंह उइके जिला मंत्री अमित पांडे ,जिला कोषाध्यक्ष अर्जुन तिवारी ,जिला कार्यसमिति सदस्य अंकित सिंह ठाकुर युवा मोर्चा मंड़ल अध्यक्ष मोनू साहू जी जिला सोसल मीडिया प्रभारी खुशेन्द्र पवार मीडिया संह प्रभारी धीरज राय एवंदेवगांव सरपंच चंदन लाल धुर्वे सचिव सतीष बरकडे युवा मोर्चा महामंत्री राहुल साहू नगर अध्यक्ष गोलू उईके चैन सिंह उइके एसटी मोर्चा उपाध्यक्ष राकेश धुर्वे युवा मोर्चा महामंत्री मदन धुर्वे जी देवगाव पवन धुर्वे रामजी धुर्वे सतीश परते राजेश उईके संतराम मोहित धुर्वे मिथलेश अभिषेक अब्बू यादव सिवम बरमैया सोनू राजपुत भूपेंद्र उईके डहरिया अवंत कुशवाहा धर्मेद्र दुर्गा प्रसाद पहलाद मुकेश सिवराम कृष्ण कुमार सुरज उईके रमेश टेकाम राजा बघेल गोलू सोनी अरुण कुमरे नंद कुमार भलावी सुमन धुर्वे अंकित धुर्वे अभिषेक भलावी मुकेश धुर्वे सतेंद्र उईके रामचंद मसराम सोमनाथ झरिया अनिल धुर्वे मुकेश करवेती अभय उईके राकेश उईके प्रसांत पंद्रे भूपेंद्र उईके एवं भाजपा के समस्त वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मंडला जनपद सीईओ की कार्य प्रणाली के विरोध में मंडला ब्लॉक के सभी सरपंच करेंगे धरना प्रदर्शन

## सीईओ की कार्यप्रणाली से असंतुष्ट हैं सरपंच

मंडला यशोः- जनपद से बड़ा ही रोचक मामला सामने आया है



यहां पर मंडला ब्लॉक के सभी सरपंचों ने जनपद सीईओ के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है उनका कहना है कि वह जनपद सीईओ की कार्यप्रणाली से संतुष्ट नहीं है और जनपद सीईओ द्वारा उनके द्वारा ग्राम पंचायत में स्वीकृत कार्यों को भी रोकने का प्रयास किया जा रहा है। किसी योजना का विरोध करने पर अधिकारी और सचिवों द्वारा सरपंचों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग भी करने का मामला सामने आया है। सरपंचों के अनुसार जनपद सीईओ का यह तानाशाही रवैया सरपंचों को रास नहीं आ रहा है। तानाशाही रवैया के विरोध में मंडला ब्लॉक के सारे सरपंच जनपद सीईओ को हटाने की मांगों को लेकर आज जनपद सीईओ के खिलाफधरना प्रदर्शन कर कले टर को ज्ञापन सौंपने जा रहे हैं। उनका कहना है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होंगी वाह इसी प्रकार धरने पर बैठे रहेंगे। दरअसल यह मामला तब बढ़ गया जब देवरा के पूर्व सरपंच शेर सिंह सैयाम लाडली बहना योजना की आमसभा में हिस्सा लेने पंचायत भवन गए थे। वहां जनपद सीईओ द्वारा उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया वह अपशब्द कहे गए जिससे पंचायत समिति समेत सारे पंचायतों में रोष व्याप्त है। इसके अलावा ग्राम पंचायत इमली गुहान में भी रंगमंच निर्माण के कार्यों में बाधा डालने का कार्य भी संबंधित अधिकारी द्वारा किया जा चुका है। ऐसे कई प्रकार के कार्यों से नाराज होकर आज मंडला ब्लॉक के सारे सरपंच जनपद सीईओ के खिलाफ धरना करने जा रहे हैं।

# विद्यार्थी परिषद द्वारा सेल्फी विथ सकोरा अभियान का शुभारंभ

मंडला यशोः- वर्तमान समय भीषण गर्मी से गुजर रहा है जिसका अनुभव पूरा समाज कर रहा है और यदि पर्यावरण की दृष्टि से विचार करें तो इस समय लगभग सभी छोटे-छोटे जल स्त्रोत सूख जाते हैं व पक्षियों को पीने के पानी के लिए पार्यप्त संघर्ष करना पड़ता है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् ने एसएफडी गतिविधि माध्यम से छात्रों युवाओं व सामाजिक लोगों के बीच एक सेल्फी विथ सकोरा अभियान शुरू किया है। इस अभियान के माध्यम से लोग अपने घरों में मटके फोड़कर पुराने बर्तनों का उपयोग कर सकोरा बना कर अपने घरों के छतों पर रख रहें है एवं कई सकोरा को बांधकर पेड़ो पर लटका कर उसमें पानी भर रहे हैं । इस अभियान में छात्रों एवं युवाओं के साथ साथ सामाजिक लोगों ने भी भरपूर सहभागिता की है व सकोरा अपने घरों में रखकर पूरे ग्रीष्मकाल में प्रतिदिन सकोरा में



चिडियों के लिए पानी भरने व दाना रखने का संकल्प भी लिया है हम जानते हैं की वर्तमान युग सोशल मीडिया का है अतरू एबीव्हीपी के कार्यकर्त्ता सकोरा में पानी रखकर उसके साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया में अपलोड करके अन्य लोगों को भी इस हेतु प्रेरित कर रहे हैं । साथ ही यह अभियान पूरे ग्रीष्मकाल तक निरंतर जारी रहने वाला है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने राष्ट्र, समाज प्रकृति व पर्यावरण के लिए कार्य करते हुए सेल्फी विथ सकोरा अभियान के माध्यम से नन्हें बेजुबान पशु-पक्षियों के लिए दाना पानी रखने की मुहिम चलाई हैं। जिला संयोजक वागीश पटेल ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन हैं।

जो साल के 365 दिन 24 घंटे छात्र हितों में अपना कार्य करते हैं। इसके साथ ही राष्ट्र, समाज प्रकृति व पर्यावरण के लिए विभिन्न आयाम व कार्यक्रमों के माध्यम से कार्य करता रहता हैं।

इसी के चलते एबीवीपी ने ग्रीष्म ऋतु में जल संसाधन की कमी के कारण नन्हें-नन्हें बेजुबान जीवों को बड़ी समस्या का सामना करना पड़ता हैं। ऐसा कहा जाता है कि लाखों की स या में हर वर्ष पक्षियों की मृत्यु ग्रीष्म ऋतु में पानी की कमी के कारण हो जाती है। उन्हीं नन्हें जीवों की चिंता करते हुए विद्यार्थी परिषद हर वर्ष सेल्फी विथ सकोरा अभियान चलाती हैं। इस अभियान के तहत विद्यार्थी परिषद मिट्टी से बने सकोरे वितरण कर लोगों से यह अपील करती है कि वह उन सकोरों में पानी भर कर उन्हें अपने घरों की छतों पर बगीचों में या जहां भी उचित लगे वहां पर रखें।

उनमें प्रतिदिन दाना पानी की व्यवस्था करें व उसके साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर शेयर करें। ताकि पक्षियों को कहीं भी किसी भी स्थान पर सुगमता से पानी मिल सके और पानी की कमी के कारण उनकी मृत्यु ना हो।` योंकि वह प्रकृति के महत्वपूर्ण अंग है व उनकी रक्षा करना मानव का कर्तव्य है। इसलिए एबीवीपी के द्वारा हर वर्ष हजारों सकोरे जिले भर में लगाए जाते हैं।

# ब्रेन चाइल्ड स्कूल कर रहा शिक्षकों के साथ खिलवाड़

## अपॉइंटमेंट लेटर देकर मुकर गए

मंडला यशोः- एक ओर जहां निजी स्कूलों में फीस, किताब और ड्रेस की कमीशन खोरी से अभिभावक परेशान हैं वहीं अब शहर के स्कूलों के द्वारा शिक्षकों को भी परेशान किया जाने लगा है। मंडला के ऐसे ही एक निजी स्कूल ब्रेन चाइल्ड ने एक शिक्षक को नियुक्ति पत्र दिया लेकिन तय तारीख पर ज्वाइनिंग देने से मुकर गए। इमरोज नूर ने बताया कि शिक्षण सत्र 2023 -24 में पढ़ाने के लिए उन्होने पीजीटी इंग्लिश के लिए आवेदन किया था । फरवरी माह में उनकी डेमो` लास लेने के बाद प्रबंधन ने उन्हे 07 फरवरी 2023 के दिन अपॉइंटमेंट लेटर भी दिया, जिसके अनुसार उन्हे 1 अप्रैल 2023 से नए सत्र में ज्वाइन करना था , लेकिन अंतिम समय में प्रबंधन बिना कोई कारण बताए ज्वाइनिंग देने से मुकर गया। इमरोज, एम ए इंग्लिश लिटरेचर हैं और बी एड भी। स्कूल में पढ़ाने के अनुभव के अलावा उनके पास प्रतियोगी परीक्षाओं में इंग्लिश, वर्ल्ड ज्योग्राफी और पेडागॉजी पढ़ाने का 9 वर्ष का अनुभव भी है । वो पत्रकारिता स्नातक भी है और आकाशवाणी जबलपुर में भी सेवाएं दे चुके हैं।

इमरोज के अनुसार निजी संस्थाओं में बहुत ही गैर जि मेदाराना तरीके से काम किया जाता है और नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। इस बारे में जब हमारे संवाददाता ने स्कूल के डायरे टर निशांत शु ला से संपर्क किया तो उन्होने फोन नहीं उठाया। उल्लेखनीय है कि निशांत शु ला द्वारा निर्मित आवासीय कांप्ले स समद्धि परिसर को लेकर भी लोगों में असंतष्टि है।

# मप्र लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

मंडला यशोः- मप्र लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ ने मु यमंत्री के नाम कले टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंपने से पहले संघ से मप्र लिपिक वर्गीय शासक कर्म. संघ, मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ, तृतीय वर्ग कम्रचारी संघ, मप्र शसक वाहन चालक यांत्रिक कर्म. संघ, मप्र पेंशनर एसोसियशन के पदाधिकारियों ने रैली निकाली। रैली कले ट्रेट पहुंची और यहां कले टर को ज्ञापन सौंपा गया।

ये कही गई मांगे

कर्मचारी संघ ने अपनी 17 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है। जिसमें मांग की गई कि विभागाध्यक्ष एवं उसके अधीनस्थ कार्यालयों में कार्यरत लिपिकों को मंत्रालय के समान समयमान वेतनमान का लाभ दिनांक 01.04.2006 से दिया जाए, भृत्य का पदनाम परिवर्तित किया जाकर कार्यालय सहायक किया जाए।




अनुकंपा नियुक्ति, सहायक ग्रेड-3 को निर्धारित समयावधि में सीपीसीटी परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पाने के कारण सेवा समाप्त नहीं की जाए तथा जिन कर्मचारियों की सेवा समाप्त कर दी गई है उन्हें पुनः सेवा में लिया जाए। टे सी प्रथा बंद की जाए तथा विभागों में वाहन चालकों के रिक्त पदों पर भर्ती प्रकिया तत्काल प्रारंभ किया जाकर समाप्त किये गये पदों को पुर्न जीवित किया जाए। पश्चात नियुक्त कर्मचारियों के लिए नई पेंशन प्रणाली को बंद किया जाकर पुरानी पेंशन बहाल की जाए, चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को पदोन्नति पात्रता दिनांक से दी जाए, ऑपरेटर की योग्यता एवं कार्य एक समान होने के कारण सहायक के समान ग्रेड-पे 2400 दिया जाए।

सहायक शिक्षकों को तृतीय कमोन्नति वेतनमान के स्थान पर समयमान वेतनमान व तथा शिक्षकों को केन्द्र के अनुरूप छटवें एवं सातवें वेतनमान का लाभ दिया जाए, अध्यापक, गुरूजी स वर्ग को नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता दी जाए। सीधी भर्ती के पदों पर दिए जा रहे स्टायफण्ड 70, 80 एवं 90 प्रतिशत के स्थान पर नियुक्ति दिनांक से संबंधित पद का वेतनमान दिया जाए। इसी तरह अन्य 17 सूत्रीय मांगों का लेकर मु यमंत्री के नाम कले टर को ज्ञापन सौंपा गया है।

# मध्यप्रदेश की गोंड़ी पेंटिंग को मिला अंतर्राष्ट्रीय जीआई टैग

## मंडला के नवाचार को मिली एक नई पहचान

मंडला यशोः-मध्यप्रदेश राज्य की प्रसिद्ध गोंड़ी पेंटिंग, जिसकी पहचान देश-विदेश तक है, उसको हाल ही में जीआई टैग मिला है। मंडला जिले में इस कला को संजोए रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा पिछले 2 सालों से निरंतर प्रयास किया जा रहा है और इन प्रयासों के फलस्वरूप जिले के बिछिया और नैनपुर ब्लॉक में` लस्टर स्तर पर कलाकार विभिन्न प्रकार की आकर्षक, मनमोहक कलाकृतियाँ बनाकर मार्केट तक ले जा रहे हैं।

जब मंडला जिले में ये कला लुप्त होने की स्थिति में थी, तब इस कला को बढ़ावा देने के लिए प्रशासन की पहली पहल रेशम की साड़ी पर गोंड़ी कला को बनवाने से हुई। धीरे-धीरे पैमाना बढ़ाते हुए जिले में लगभग 80-100 कलाकार इस कला में निपुण हैं। डायरी, बुकमार्क, चाबी का छल्ला, बैग, फ्रिज मैगनेट इत्यादि उत्पाद बनाकर विक्रय कर रहे हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में वृद्धि हुई है। इन उत्पादों को इंस्टाग्राम के माध्यम से मार्केटिंग किया जा रहा है और देश के विभिन्न राज्यों से ऑर्डर प्राप्त हो रहे हैं। जिले के गोंड़ी पेंटिंग उत्पादों की बिक्री आईआईएम अहमदाबाद जैसे प्रसिद्ध संस्थान में भी की गई थी, जहां इस कला की काफी प्रशंसा हुई। जिला प्रशासन मंडला द्वारा वर्तमान में भी गोंड़ कला को बढ़ावा देने के लिए कार्यशैली तैयार की जा रही है और जीआई टैग में आर्टिस्ट्स का रजिस्ट्रेशन करवाने की प्रक्रिया भी प्रारंभ की गई है। गोंड़ी पेंटिंग को बढ़ावा देने के लिए जिले के विभिन्न विभाग जैसे- खादी ग्रामोद्योग, रेशम, नाबार्ड एवं जिले में पदस्त एमजीएन फेलो का विशेष योगदान रहा है।

# इंसान का जैसा भाव होता है, संसार वैसा ही नजर आता है

मंडला यशोः- मुर्रमखाप में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन की कथा में कथा वाचक पं.



संतोष शास्त्री पदमी वाले ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला के साथ गोवर्धन पूजा का प्रसंग सुनाया। शास्त्री जी ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने 7 कोस के गोवर्धन को 7 वर्ष की उम्र में 7 दिन के लिए अपनी कनिष्ठा उंगली पर उठाया था। इस लीला में बताया गया कि किस प्रकार वो अपने भक्तों की रक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने सभी व्रज वासियों को आश्रय तो प्रदान किया, परंतु साथ ही साथ इंद्र को सबक भी सिखाया। इससे इंद्र का झूठा अहंकार चूर-चूर हो गया। पं. संतोष शास्त्री ने व्यासपीठ से भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का रसास्वादन कराया। बाल कृष्ण की लीलाओं की कथा सुन श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। भगवान श्री कृष्ण का बाल गोपाल के साथ माखन चोरी करने, गोपियों की मटकी फोड़ने, गोपियों को रिझाने बल चपलता दिखाने का चित्रण किया गया। उन्होंने बताया कि जिस समय पूतना रूप बदलकर जाती है, भगवान समझ जाते हैं।` योंकि भगवान घट घट में रहने वाले हैं, हो सकता है दिखावे से अच्छे कपड़ों से अच्छे गहनों से नि न व्यक्ति भी अच्छा दिखाई दे, लेकिन परमात्मा को हमारा सच्चा भाव चाहिए, जब तक हमारे मन में सच्चा भाव नहीं आएगा, तब तक हम यूं ही भटकते रहेंगे। यह भटकाव एक बार नहीं बार-बार नहीं 84 लाख बार भटकना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि इंसान का जैसा भाव होता है, उसको सारा संसार वैसा ही नजर आता है। पूतना जब दूषित नियत से बाल कृष्ण को मारने गई गई तो मां यशोदा समझ नहीं पाई।` योंकि उनके भाव अच्छे थे। तो उनको पूतना के अंदर भी अच्छाई ही नजर आई। इसी प्रकार से अगर इस संसार में अगर हमको कुछ पाकर के नाम अमर करके जाना है तो नरसिंह भगत, मीरा बाई और शबरी की तरह अपने मनोभाव करने होंगे। भजन के माध्यम से बताया कि ऐसे कर्म करके जाएं ताकि जिससे हमारा नाम अमर हो जाए और आने वाली पीढ़ी को अच्छे संस्कार मिलें। श्रीमद्भागवत का यह आयोजन 16 से 23 अप्रेल तक किया जा रहा है, 23 अप्रेल को पूजन, हवन भण्डारा के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

# ग्राम पंचायत घुटास एवं सेन्टर फॉर एडवांश रिसर्च डेवलपमेंट सेंटर घुघरी में विधिक जागरूकता शिविर स पन्न

मंडला यशोः- मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्षजिला विधिक सेवा प्राधिकरण मान. श्रीमान् एस0 के0 जोशी के निर्देशनमें एवं श्री डी0आर0 कुमरे जिला न्यायाधीश/ सचिवजिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शनमें आज दिनांक 20.04.2023 को ग्राम पंचायत घुटास एवं सेंटर फॉर एडवांश रिसर्च डेवलपमेंट सेंटर घुघरी में नशा मुक्ति सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर श्रीमती दीपिका एस ठाकुर जिला विधिक सहायता अधिकारी, धीरेन्द्र कु हारे सरपंच ग्राम पंचायत घुटास, श्री कृष्णा झारिया सेंटर मेनेजर सेंटर फॉर एडवांश रिसर्च डेवलपमेंटर सेंटर घुघरी,एवं सामाजिक कार्यकर्ता/पैरालीगल वाले`टियर्स श्रीमती स्वाति चौरसिया, चाईल्ड लाईन सदस्य श्रीमती सुषमा हरदहा की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

श्रीमती दीपिका एस ठाकुर जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा बताया गया जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नशा पीड़ितों को विधिक सेवाएं योजना के अंतर्गत व नशा मुक्ति सप्ताह के उपलक्ष्य में जानकारी देते हुए बताया कि नशा एक गंभीर सामाजिक बुराई है जिससे इंसान अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है नशे के लिए समाज में शराब, गाजा, अफीम, जर्दा, गुटखा, त बाखू और धूम्रपान सहित अनेक मादक दवाओं और पदार्थो का उपयोग किया जा रहा है। इन जहरीले और नशीले पदार्थो के सेवन से व्यक्ति को शारीरिका, मानसिक और आर्थिक हानि पहुंचाने के साथ ही इससे सामाजिक वातावरण भी प्रदूषित होता है। आज की युवा पीढ़ि भी सिगरेट, बीड़ी व शराब का सेवन करना एक फैशन के रूप में अपने जीवन में लिप्त करते जा रही है जिससे देश का भविष्य भी अंधकारमय हो सकता है अतः हम सभी को समस्त प्रकार के नशे की वस्तुओं का परित्याग कर स्वस्थ्य जीवन जीने की शपथ लेना चाहिए जिससे देश और सामाज नशा मुक्त वातावरण में नई उचाईयों को छू सके साथ ही निःशुल्क विधिक सहायता योजना के अर्न्तगत अनुसूचित जाति/जनजाति, महिलाओं, बालक, जेलबंदी एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्तियों को बिना किसी आय बन्धन के तथा सामान्य जाति के व्यक्ति जिसकी आय 2 लाख रूपये प्रतिवर्ष है, को विधिक सहायता प्रदान की जाती है, पीड़ित प्रतिकर योजना के संबंध में एसिड अटैक, सामूहिक बलात्कार, हत्या, अवयस्क बच्चों के साथ लैंगिक अपराध, शरीर के महत्वपूर्ण भाग पर गंभीर चोट या शल्य क्रिया रूण हानि या क्षति के संबंध में पीड़ित व्यक्ति व उसके परिवार जन को प्रतिकर राशि प्रदान किये जाने के संबंध में जानकारी दी साथ ही राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी साथ ही दिनांक 13 मई 2023 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में जानकारी दी गई तथा शासकीय मॉडल हा0 से0 स्कूल घुघरी में स्थापित विधिक साक्षरता ` लब का निरीक्षण भी किया गया।

श्रीमती सुषमा हरदहा सदस्य चाईल्डलाईन मण्डला ने चाईल्ड लाईन हेल्पलाईन के संबंध में बच्चों के प्रति हो रहे अपराधों चाईल्ड ट्रेफकिंग, बाल विवाह, बाल मजदूरी जैसे अपराधों से सुरक्षा के संबंध में तथा चाईल्ड हेल्प लाईन नंबर 1098 के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

# तेज हवाओं के साथ हुई बारिश

मंडला यशोः- गुरूवार का सुबह से बादल छाए रहे और दोपहर बाद तेज आंधी चलना शुरू हो गई और आंधी के बाद करीब आधा घंटे से भी अधिक समय तक जमकर बारिश हुई। बारिश से शहर में सीवर लाईन के लिए खोदी गई सड़क में कीचड़ ही कीचड़ नजर आया, वाहन चालक फिसल रहे थे गड्ढों में पानी भर गया था जिसमें भी वाहन फंस रहे थे। बीजाडांडी में तेज बारिश हुई। बारिश आंधी के कारण पहले से पेड़ों में कम सं या में लगे आम भी झड़कर सड़क में बिखर गए। ग्राम पंचायत चाबी में भी तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। आंधी के कारण एक पेड़ मेन लाईन में गिर गया जिससे बिजली का खंबा ही टूट गया और काफी देर तक बिजली गुल रही। पेड़ गिरने से मौके पर स्थित एक टीन शेड भी क्षतिग्रस्त हो गया।

# थाना मोहगांव में ईद उल फित्तर एवं परशुराम जयंती के मद्देनजर शांति समिति की बैठक’

मंडला। मोहगांव ईद-उल-फित्तर एवं परशुराम जयंती के मद्देनजर नायब तहसीलदार धर्मराज तुरकर की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक मोहगांव थाना में स पन्न हुई इस बैठक में थाना प्रभारी विजय सिंह ठाकुर गणमान्य नागरिक पत्रकार बंधु तथा समिति के सदस्य उपस्थित रहे धर्मराज तुरकर जी ने कहा त्यौहार शांति और सद्भाव के साथ मनाये जाने की हमारी पर परा रही है इस पर परा को कायम रखें इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ठाकुर ने कहा कि त्यौहार के दौरान ऐसे कोई भी कृत्य नहीं करें जिससे अन्य धर्मों या स प्रदाय के स मान एवं भावनाओं को ठेस पहुंचे।

# लोक जैव विविधता पंजी निर्माण कर बाताई कितनी प्रजातियाँ शहर में उपलब्ध है

मंडला यशोः- नगरपालिका परिषद मण्डला एवं नैनपुर की लोक जैव विविधता पंजी निर्माण कर जैव विविधता प्रबंध समिति मण्डला एवं नैनपुर द्वारा अनुमोदन किया गया जिसमें दोनों नगरपालिया परिषद क्षेत्र की जैव विविधता प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सचिव, सभी सदस्य उपस्थित होकर प्रबंधन समिति की अंतिम बैठक दिनांक 31.03.2023 को नगरपालिका हॉल मण्डला एवं नैनपुर में सी.एम.ओ.नगरपालिका परिषद मण्डला के गजानंद नाफड़े, अध्यक्ष विनोद कछवाहा एवं सभी सदस्यगण उपस्थित रहे एवं राजाराम वर्थे सी.एम.ओ., श्रीमती कृष्णा पंजवानी अध्यक्षत एव बी.एम.सी.के सदस्यगण नगरपालिका परिषद नैनपुर उपस्थित रहे। डॉ.बी.एल.झारिया परियोजना इन्वेटिगेटर एवं डॉ.सीमा धुर्वे एवं डॉ.जूडिका कुजूर को-इन्वेस्टिगेटर द्वारा बैठक में नगरपालिका परिषद क्षेत्रांतर्गत जैव विविधता से संबंधित




सभी जीव-जन्तुओं की विस्तृत जानकारी देते हुए लोक जैव विविधता पंजी का अनुमोदन समिति द्वारा किया गया। अनुमोदन उपरांत पंजी को इन्वेस्टिगेटर द्वारा 07 प्रतियों में जैवविविधता बोर्ड भोपाल मैं अनुमोदन उपरांत एक प्रति नगरपालिका परिषद मण्डला एवं नैनपुर में उपलब्ध रहेगी। तदोपरांत विलुप्त हो रही प्रजातियों के संरक्षण हेतु कार्य योजना बनाकर परिषद को संरक्षण हेतु निर्देष दिये जायेंगे। जैव विविधता पंजी में वानिकी जैव विविधता के अंतर्गत 78 प्रजातियॉ पेड़ो की 56 प्रजातियॉ झाड़ियों की छोटी झारियों की 127 प्रजातियॉ कंद की 13 प्रजातियॉ घास की 52 जलीय पौधों की 28 प्रजातियॉ, 13 प्रजातियॉ उपरिरोही, 05 आरकिड एवं फूलों की 15 प्रजातियों का दस्तावेजीकरण किया गया। 08 प्रजातियॉ की छोटी झाड़ी एवं लता प्रजातियों को स्थानीय चिकित्सकों और समुदाय द्वारा व्यापक रूप से जड़ी बूटियों के रूप में उपयोग किया जाता है। 10 प्रजातियॉ देखी गई जिनका सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक महत्व है। इमारति लकड़ी उत्पादक पौधों की 11 प्रजातियॉ, उभयचरों की 10, कछुऍं की 02 प्रजातियॉ, छिपकलियों की 16, साप की 18, पक्षियों की 91, स्तनधारियों की 13 प्रजातियों के साथ, 33 तितलियों की, 08 प्रजातियॉ पतंगे की मकड़ियों 25, बिच्छू की 02, सूडो स्कॉरपियन की 01 प्रजाती, टि स और माइट्स की 02 प्रजातियॉ, कॉलोपटेरा की 54 प्रजातियॉ, डिप्टेरा की 21, हाईमनोपटेरा की 32 प्रजातियॉ, ऑर्थोपटेरा की 06 प्रजातियॉ, ओडोनाटा की 35 प्रजातियॉ, ब्लाइडटोडिया की 08 प्रजातियॉ, मंटोडिया की 06 प्रजातियॉ और 18 अन्य कीट की प्रजातियॉ।

कृषि जैव विविधता रावि की फसलों में 10 प्रजातियॉ स्थानीय किस्म, 15 प्रजातियॉ शंकर किस्म, खराफ फसलों की 10 प्रजातियॉ स्थानीय किस्म और 65 प्रजातियॉ शंकर किस्म ग्रीस्म कालीन फसलों की 03 प्रजातियॉं, चारे की 06 फसल के खरपतवारों की 10 प्रजातियॉ जंगली फसल की 04 प्रजातियॉं( धान ) की 32 प्रजातियॉ, सब्जियों की 31 प्रजातियॉ लोरीकलचर में फूलों की 18 प्रजातियॉ सजावटी पौधों की 12 प्रजातियॉ औषधी पौधों की 15 प्रजातियॉ खेती वाले लकड़ी के पौधों की 07 प्रजातियॉ वहीं एनिमल हसवेंडरी-गायों की 06 प्रजातियॉ, भैंस की 04, बकरी की 03, भेड़ की 02, चूहों की 02, बदकों की 02 वहीं फिशरीज के अंतर्गत 06 प्रजातियॉ, 11 नदी में पाये जाने वाले प्रजातियॉ, जंगली जलीय फसलों के अंतर्गत 02 प्रजातियॉ इस प्रकार लोक जैव विविधता पंजी में 931 प्रजातियों को स मिलित किया गया है। जो प्रजातियॉ संकटपन्न हैं- मुनगा, चार, बेल, अर्जुन, पलास, कचनार, आवला, दूधी, लेंड़िया, साजा, तिनसा, सतावरी, जंगली हल्दि, कलिहारी, चरायता, बच।

जैव विविधता संसाधनों के संरक्षण और सतत् उपयोग के स बंध में स्थानीय लोगों के साथ बैठक में एक आम सहमति के रूप में उभरे जो स्थानीय लोगों की भलाई में मदद कर सकते जैव विविधता तत्व जिन्हें सुरक्षा की आवश्यकता है।

जैव विविधता पंजी निर्माण का उद्देष्य परिदृष्य तत्वों के सतत् उपयोग और संरक्षण के लिये स्थानीय लोगों ने जागरूकता पैदा करना निर्णय लेने के साथ-साथ उनके प्रबंधन के क्रियांनवयन में स मिलित करके उन्हें सशक्त बनाना ही उद्देश्य है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी
ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297